दिनांकः 18.07.2024 समय : 01:00 पी.एम.

प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

जैसलमेर जिले में गौशालाओं में पिछले साल हुई गड़बड़ियों और फर्जी तरीके से अनुदान उठाने के मामले की जांच एसीबी से कराई जाएगी। विधानसभा में आज भाजपा विधायक कालीचरण सराफ के प्रश्न का जवाब देते हुए गोपालन मंत्री जोराराम कुमावत ने यह घोषणा की। श्री कुमावत ने कहा कि शिकायत मिलने पर गौशालाओं का औचक निरीक्षण करवाया गया। इसमें 32 गौशालाओं में कई तरह की अनियमितताएं सामने आई हैं। इस मामले में सरकारी अधिकारियों के खिलाफ भी अनुशासनात्मक कार्रवाई की गई है। उन्होंने कहा कि दो उपखंड अधिकारियों के विरुद्ध भी अनुशासनात्मक कार्रवाई का प्रस्ताव कार्मिक विभाग को भेजा गया है। श्री कुमावत ने कहा कि जांच रिपोर्ट आने के बाद फर्जी अनुदान उठाने वाली गौशालाओं से वसूली भी की जाएगी।

000

शिक्षा और पंचायतीराज मंत्री मदन दिलावर ने आदिवासियों को लेकर दिए अपने बयान पर आज विधानसभा में खेद जताया है। प्रश्नकाल शुरू होने से पहले विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने उन्हें बोलने का मौका दिया। इस पर श्री दिलावर ने कहा कि उनका जन्म आदिवासी इलाके में हुआ, इस नाते वे खुद भी आदिवासी हैं। उन्होंने कहा कि आदिवासियों का इतिहास में महत्वपूर्ण योगदान रहा है। उनके बयान को लेकर किसी को कष्ट हुआ है, तो वे खेद प्रकट करते हैं। गौरतलब है कि विपक्ष, श्री दिलावर के बयान की लगातार निंदा कर सदन में गतिरोध पैदा कर रहा था।

000

राज्यपाल कलराज मिश्र ने कल पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत से मुलाकात की। श्री मिश्र ने उनके राजकीय निवास पर पहुंचकर उनके स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली। राज्यपाल ने श्री गहलोत के जल्द स्वस्थ होने की कामना की है।

000

सुप्रीम कोर्ट में आज नीट यूजी परीक्षा विवाद से जुड़ी याचिकाओं पर सुनवाई की जा रही है। 11 जुलाई को शीर्ष अदालत ने परीक्षा रद्द करने, दोबारा परीक्षा करवाने और परीक्षा के संचालन में हुई कथित गड़बड़ियों की जांच की मांग करने वाली याचिकाओं पर सुनवाई आज तक के लिए स्थगित कर दी थी। पीठ ने कहा था कि मामले में कुछ पक्षों को केन्द्र और राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी की ओर से हलफनामे नहीं मिले हैं। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ आज 40 से अधिक याचिकाओं पर सुनवाई कर रही है। इसमें एनटीए की ओर दायर की गई याचिकाएं भी शामिल हैं।

000

न्यायमूर्ति नोंगमेइकापम कोटिस्वर सिंह और न्यायमूर्ति आर महादेवन ने आज सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में शपथ ली। सीजेआई डी वाई चंद्रचूड़ ने इन्हें शपथ दिलवाई।

000

परमवीर चक्र से सम्मानित प्रदेश के पहले सैनिक पीरू सिंह के शहादत दिवस पर आज झुंझुनूं में पुष्पांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर जिला सैनिक कल्याण अधिकारी और पूर्व सैनिकों सहित बड़ी संख्या में लोगों ने उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किये। मेजर पीरू सिंह झुंझुनूं जिले के बेरी गांव के रहने वाले थे।

000

उत्तर–पश्चिम रेलवे के अजमेर मंडल की चिकित्सा अधिकारी डॉ. प्रिया गर्ग ने सेवा भाव का उदाहरण पेश किया है। उन्होंने नई दिल्ली हवाई अड्डे पर एक बुजुर्ग को दिल का दौरा पड़ने पर तुरंत सीपीआर देकर उनकी जान बचाई। रेलवे ने उनके इस प्रयास की सराहना की है।

000

राज्य में पिछले 24 घंटों में कई स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश दर्ज की गई। कहीं–कहीं भारी बारिश होने के भी समाचार हैं। मौसम केन्द्र जयपुर के अनुसार सबसे ज्यादा 7 सेंटीमीटर पानी झालावाड़ जिले के पिड़ावा में बरसा। बारां के छीपाबडौद में 5 सेंटीमीटर वहीं, चित्तौडगढ और बूंदी के पाटन में तीन–तीन सेंटीमीटर बरसात हुई। कोटा, उदयपुर, भीलवाडा, सवाईमाधोपुर और जोधपुर में भी कई स्थानों पर बारिश हुई। उधर, सीमावर्ती जैसलमेर जिले में भी आज अच्छी बारिश हुई। जिले के फलसुंड, भिखोड़ाई और राजमथाई क्षेत्र में हुई बरसात से मौसम सुहाना हो गया।

000

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 28 जुलाई को आकाशवाणी के 'मन की बात' कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे। यह इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 112वीं कड़ी होगी।

000